भोपाल पासपोर्ट कार्यालय द्वारा जारी किये गये पासपोर्ट

410. **श्री अजीत जोगी:**
श्री एस॰ एस॰ सुरजेवाला:

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान प्रति वर्ष क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भोपाल को कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए और इस कार्यालय द्वारा कितने पासपोर्ट जारी किये गये;

(ख) एक पासपोर्ट जारी करने में सामान्यतया कितना समय लग जाता है;

(ग) क्या पासपोर्ट जारी करने में विलंब किये जाने के संबंध में संसद-सदस्यों, संगठनों और आवेदनकर्ताओं से शिकायतें मिली हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) पासपोर्टों को शीघ्रतापूर्वक जारी करने के लिये क्या प्रयास किये गये हैं?

विदेश मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल): (क) पिछले तीन वर्षों के दौरान प्राप्त हुए पासपोर्ट आवेदनों तथा जारी किए गए पासपोर्टों की संख्या नीचे दी गई है:—

वर्ष	प्राप्त आवेदन	जारी किए गए पासपोर्ट
1993	25.939	26,411
1994	20.860	20,690
1995	20.297	20,148

(ख) पासपोर्ट जारी करने में सामान्यतया 4 से 5 सप्ताह का समय लगता है।

(ग) जी, हां। चालू वर्ष के दौरान पासपोर्ट कार्यालय भोपाल द्वारा पासपोर्ट जारी करने में देरी करने की 12 शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

(घ) ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है। (नीचे देखिए)

(ङ) पुलिस सत्यापन रिपोर्ट प्राप्ति में तेजी लाने के लिए संबंधित पुलिस प्राधिकारियों के साथ निकट का समन्वय, सभी पासपोर्ट आवेदनों की पूर्णता तथा परिशुद्धता की जांच करने के लिए प्राप्ति के स्तर पर आवेदनों की पूरी जांच, आवेदनों पर कम्प्यूटर द्वारा कार्रवाई आदि कुछ ऐसे कदम उठाए गए हैं ताकि पासपोर्ट शीघ्रता से जारी किए जा सकें।

विवरण

सामान्य व्यक्तियों तथा अन्यों से प्राप्त शिकायतों का ब्यौरा

क्र॰ सं॰	शिकायत प्राप्ति की तारीख	आवेदन का नाम	पार्सल सं॰	शिकायत की प्रकृति	की गई कार्रवाई
1.	02.01.1996	विप्लब चटर्जी	4021/7404/95	पे॰ ओ॰ बंगलौर को स्थानांतरित आवेदन इस कार्यालय में प्राप्त नहीं हुआ है।	मामला दिनांक 12.9.96 को बंगलौर में स्थानान्तरित किया गया। आवेदक को स्थानान्तरण संबंधी भेजी गई सूचना बिना परिदान के वापस प्राप्त हुई है।
2.	13.02.1996	कीर्ति कुमार पान्डेय	5/22702/92	पासपोर्ट प्राप्त नहीं	1.12.92 को जारी पासपोर्ट बिना परिदान के वापस प्राप्त हुआ था। पासपोर्ट क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को आवेदन को देने के लिए 19.2.96 को भेजा गया क्योंकि वह आवेदन वहां पर रह रहा है।
3.	11.03.1996	सोनी एबू नन्यानी	4021/10609/95	पासपोर्ट जारी होने में देरी	आवेदन अन्य विधि के प्रयास के लिए वकालत छोड़ी गई। अन्य

क्र० सं०	शिकायत प्राप्ति की तारीख	आवेदन का नाम	फाईल सं०	शिकायत की प्रकृति	की गई कार्रवाई
					तिथि प्रमाण पत्र मिलने पर पासपोर्ट 29.2.96 को जारी किया था।
4.	18.03.1996	सादिक अहमद भोशी	4021/11812/95	पासपोर्ट जारी होने में देरी	एस पी प्राधिकारी से अपूर्ण सूचना प्राप्त हुई। कागजात एस पी को पुनः जांच तथा पूर्ण रिपोर्ट के लिए भेजे गए।
5.	28.03.1996	रामेश्वर प्रसाद	4021/18101/95	पासपोर्ट में लिया गया नाम "उपनाम" के कालम में लिख दिया गया है।	आवश्यक त्रुटि ठीक कर दी गई और पासपोर्ट धारक को लौटा दिया गया।
6.	15.04.1996	बदरुद्दीन नजर अली	4021/16678/95	पासपोर्ट जारी होने में देरी	एस० पी० की रिपोर्ट में प्रतिकूल टिप्पणियों के कारण आवेदन में देरी हुई। स्पष्टीकरण प्राप्त होने के बाद पासपोर्ट 22.4.96 को जारी कर दिया गया।
7.	07.05.1996	दुरइया	4021/18005/95	पासपोर्ट में गलत नाम लिखा गया	नाम ठीक करके पासपोर्ट आवेदन को लौटा दिया गया।
8.	07.05.1996	रायबरेली (एम० पी०)	4021/2924/96	श्रीमती फोजिया बेग को एक से ज्यादा पासपोर्ट जारी किए गए।	आवेदक ने झूठी रिपोर्ट देकर एक से अधिक पासपोर्ट प्राप्त किए। गलत ढंग से प्राप्त किए गए पासपोर्ट को रद्द करने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की गई।
9.	22.04.1996	विनोद कुमार काकनानी	4021/8503/96	पासपोर्ट जारी होने में देरी।	आवेदक द्वारा प्रस्तुत पासपोर्ट आवेदन में लिखे गए नाम तथा लगाए गए दस्तावेजों में नाम में भिन्नता पाई गई। इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। आवेदक से अभी उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।
10.	24.04.1996	अकबर अंसारी	4021/16364/96	पासपोर्ट जारी होने में देरी।	जन्मतिथि का प्रमाण-पत्र न मिलने के कारण देरी हुई। प्रमाण-पत्र मिलने के बाद दिनांक 26.4.96 को पासपोर्ट जारी कर दिया गया।

U.S. Report on India's Nuclear Programme

411. DR. D. VENKATESHWAR RAO: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether attention of Government has been drawn to the news-item published , in the Indian Express dated 14.4.1996 under the heading U.S. reports says India willing to go slow on N-programme;

(b) if so, Government's reaction thereto; and